**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामीण पाईप पेयजल परियोजनाओं के कियान्वयन से सम्बन्धित जिलाधिकारी के कैम्प कार्यालय मे दिनांक 27.01.2023 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

दिनॉक 27–01–2023 को सायं 06:00 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक कैम्प कार्यालय में आयोजित की गयी। समीक्षा बैठक मे निम्न अधिकारियों के साथ कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

1– मुख्य विकास अधिकारी, जौनपुर।
2– जिला विकास अधिकारी, जौनपुर।
3– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), जौनपुर।
4– मेसर्स वेलेसपन इण्टर प्राईजेज के प्रतिनिधि।
5– मेसर्स एफ0कान0 इन्फास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि ।
6– जिला समन्वयक, डिस्ट्रिक प्रोजेक्ट मानीटरिंग यूनिट (डी0पी0एम0यू0) के प्रतिनिधि।
7– डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर मेधज टेक्नो कान्सेफ्ट (टी0पी0आई0) के प्रतिनिधि।
8– समस्त इम्पैनल्ड इम्प्लीमेटेंशन सपोर्ट एजेन्सी के प्रतिनिधि।

जल जीवन मिशन सर्वेक्षण जनवरी–2023 की वेबसाईट रिपोर्ट दिनांक 27.01.2023 के अनुसार प्रगति में **नेशनल रैंक कैटेगरी मे जनपद जौनपुर 25/87वें** तथा **प्रदेश रैंक कैटेगरी मे जनपद जौनपुर 19वें स्थान पर है।** प्रगति का विवरण निम्नवत है।

| Indicator | | Maximum Marks | Obtained Marsk |
|---|---|---|---|
| Physical Progress | Residual Coverage ; FHTC provided after base date/ Remaining FHTC Coverage to achieve 100% Coverage on base date | 50 | 14.6755 |
| Water Quiality | % of villages where household tap water sample is tested using FTKs or in Labs | 10 | 0.108 |
| | % of villages where PWS source water sample (taken after WTP) is tested using FTK of in Labs | 10 | 0.3762 |
| | %of villages having women trained for FTKs | 10 | 9.37 |
| Institutional Arrangements | % Of villages having VWSCs | 10 | 10 |
| | % Of villages with skilling done | 10 | 1.756 |
| | **Totel** | **100** | **36.2857** |

प्रगति रिपोर्ट दिनॉक 27 जनवरी–2023 में अंकित है कि अवशिष्ट कवरेज एफ0एच0टी0 के तहत किये गये गृह संयोजन में जनपद की प्रगति 50 के सापेक्ष 14.6755, जलगुणवत्ता की प्रगति 10 के सापेक्ष 0.108, तथा वाटर सप्लाई सैम्पल का परीक्षण 10 के सापेक्ष 0.3762 तथा स्किल मैन पावर प्रशिक्षण का प्रतिशत 10 के सापेक्ष 1.756 है। यह स्थिति अत्यन्त ही शोचनीय तथा कार्यो के प्रति शिथिलता तथा उदासीनता का द्योतक है। निर्देश दिया जाता है कि प्रगति में अपेक्षित सुधार लाते हुए लक्ष्य की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाय।

जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कुल 3153 राजस्व ग्रामों के डी0पी0आर0 के सापेक्ष 3131 राजस्व ग्रामों के डी0पी0आर0 राज्य स्तर से स्वीकृत हुआ है। स्वीकृत डी0पी0आर0 के सापेक्ष एक माह के भीतर निर्माण कार्य अनिवार्य रूप से आरम्भ करा दिया जाय।समीक्षा बैठक में स्पष्ट हुआ कि 22 डी0पी0आर0 प्रेषित किये जाने हेतु अवशेष हैं। अतः अवशेष डी0पी0आर0 तैयार कर स्वीकृति हेतु अधिशासी अभियन्ता (जलनिगम) जौनपुर को प्रेषित करने का निर्देश मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फास्ट्रक्चर को निर्देश दिया गया। साथ ही मेसर्स वेलरपन इण्टरप्राइजेज एवं एफ0कॉन0 इन्फास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की धीमी प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुए संस्था को कारण बताओ नोटिस निर्गत की जाय तथा विकास खण्डवार प्रोजेक्ट चार्ट बनाकर आनलाईन फिडिंग कराने का निर्देश अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम( ग्रामीण) को दिया गया जिससे मानिटरिंग की जा सके।

(1) मेसर्स वेलरपन इण्टर प्राईजेज के प्रतिनिधि को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 866 राजस्व ग्रामो में कार्य कराये जाने हेतु कार्य आवटन किया गया है, जिसमें 355 परियोजनाओं का निर्माण होना है जिसके सापेक्ष पोर्टल पर 325 डी0पी0आर0 का अनुमोदन राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है। वेलरपन इण्टर प्राईजेज द्वारा 162 ग्राम पंचायतो मे

Scanned with CamScanner

कार्य प्रारम्भ कराते हुए 162 ग्राम पंचायतो मे बोरिंग का कार्य पूर्ण कराते हुए 112 ग्राम पंचायतो मे लोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है शेष 193 ग्रामों में अद्यतन कार्य प्रारम्भ न कराया जाना विभाग की शिथिलता का द्योतक है जबकि एस0एल0एस0एस0सी0 से अनुमोदन प्राप्त होने के एक माह के अन्दर कार्य प्रारम्भ हो जाना चाहिए था। मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राईजेज को ग्रामों में 500 कनेक्शन प्रतिदिन कराये जाने का निर्देश दिया गया था किन्तु इनके द्वारा मात्र 300 कनेक्शन प्रति दिन किया जा रहा है। कनेक्शन किये जाने में शिथिलता का संज्ञान लेते हुए प्रतिनिधि को निर्देश दिया जाता है कि प्रगति में अपेक्षित सुधार लाते हुए समस्त ग्राम पंचायतों में कार्य प्रारम्भ कराते हुए शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराया जाय तथा ग्राम पंचायत वार/परियोजनावार प्रगति रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें एफ0एच0टी0सी0 में शतप्रतिशत कनेक्शन कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। संस्था द्वारा कराये गये रोड रेस्टोरेसन का सत्यापन खण्ड विकास अधिकारियों से कराते हुए भुगतान किया जाय तथा स्किल मैन पावर के अन्तर्गत विकास खण्डो मे हो रही प्रशिक्षण का सत्यापन करते हुए नियुक्त के सम्बन्ध मे फैलाई जा रही अफवाहो की विज्ञप्ति स्थानीय दैनिक समाचारपत्रों में अनिवार्य रूप से प्रकाशित करायी जाय।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता, जलनिगम (ग्रामीण)

(2) मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रतिनिधि को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 2287 राजस्व ग्रामो मे कार्य कराये जाने हेतु आवंटन किया गया है, जिसमें 864 परियोजना का निर्माण होना है जिसके सापेक्ष पोर्टल पर 796 डी0पी0आर0 का अनुमोदन राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है। मेसर्स एफ0कान0 इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा 194 परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है जिसमे से 183 परियोजनाओ पर बोरिंग का कार्य पूर्ण किया गया है। और 112 परियोजनाओ पर लोरिंग का कार्य किया जा रहा है। स्वीकृत परियोजनाओं पर एक माह के भीतर कार्य आरम्भ करा दिया जाना चाहिए था किन्तु अद्यतन 502 परियोजनाओं पर कार्यारम्भ न कराया जाना संस्था की शिथिलता तथा उदासीनता का द्योतक है। निर्देश दिया जाता है कि अवशेष परियोजनाओं पर एक पक्ष के भीतर कार्य आरम्भ करा दिया जाय तथा ग्राम पंचायत वार/परियोजनावार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें ।

(कार्यवाही– मेसर्स एफ0कॉन0 इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं डी0पी0एम0यू0)

(3) अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त इम्पैनल्ड इम्प्लीमेटेंशन सपोर्ट एजेंन्सी (आई0एस0ए0) जौनपुर के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राईजेज एवं एफ0कान0 के द्वारा किये जा रहे कनेक्शन मे किसी भी समस्या आने पर समस्या का निदान किया जाय।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता एवं समस्त इम्पैनल्ड इम्प्लीमेटेंशन सपोर्ट एजेंन्सी)

(4) उद्यमिता विकास संस्थान द्वारा स्किल मैन पावर के अन्तर्गत विकास खण्डों मे प्रशिक्षण का कार्य कराया जा रहा है जिसमे 20 विकास खण्डों मे प्रशिक्षण का कार्य पूर्ण हो गया है शेष 01 विकास खण्ड मे प्रशिक्षण कार्य नही कराया गया है। जनपद की कुल 1740 ग्राम पंचायतो के सापेक्ष मात्र 577 ग्राम पंचायतो का डाटा फीड किया गया है। शेष ग्राम पंचायतों की प्रगति रिपोर्ट अपलोड नही कराये जाने के कारण पोर्टल पर प्रगति असन्तोषजनक प्रदर्शित हो रही है। निर्देश दिया जाता है कि शतप्रतिशत डाटा फीडिंग पूर्ण करायी जाय।

(कार्यवाही–डी0पी0एम0यू0/उद्यमिता विकास संस्थान)

(5) समीक्षा बैठक मे डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर मेधज टेक्नो कान्सेप्ट (टी0पी0आई0) के प्रतिनिधि को निर्देश दिया गया कि मेसर्स वेलस्पन इण्टरप्राइजेज एवं एफ0कान0 इन्फास्ट्रक्चर द्वारा कराये जा रहे समस्त कार्यो का सत्यापन कर निर्माण कार्य में पाई जा रही कमियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा अधिशासी अभियन्ता (जलनिगम) पायी गयी कमियों का निराकरण कराते हुए कमियों के सापेक्ष बिल की धनराशि से कटौती करते हुए भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम/डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर मेधज टेक्नो कान्सेप्ट (टी0पी0आई0))

(6) मेसर्स वेलस्पन इण्टरप्राइजेज एंव एफकॉन इन्फास्टक्चर द्वारा अधिष्ठापित कराये जाने टयूबेलों का स्थलीय/तकनीकी सत्यापन कराये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जलनिगम (विद्युत/यान्त्रिक) वाराणसी को नामित करते हुए निर्देश दिया जाता है कि समस्त टयूबेलों का सत्यापन करते हुए रिपोर्ट एक पक्ष में प्रस्तुत की जाय।

(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता जल निगम (विद्युत/यान्त्रिक) वाराणसी)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की प्रगति से समस्त कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया जाता है कि समयान्तर्गत कार्यो को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाय तथा उपरोक्त निर्देशो का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(मनीष कुमार वर्मा)
जिलाधिकारी
जौनपुर।

Scanned with CamScanner